## शासकीय आईटीआई हर्रई में माय भारत केंद्र ने मनाई वीर सावरकर की जयंती



**हर्रई।** माय भारत केंद्र छिंदवाड़ा द्वारा वीर सावरकर की जयंती बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने वीर सावरकर के विचारों को निबंध एवं पोस्टर के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का आयोजन जिला युवा अधिकारी सुष्मा गवली के मार्गदर्शन में शासकीय आई टी आई हर्रई जिला छिंदवाड़ा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि दीपक पांडे ,मंडल अध्यक्ष बहादुर सिंह राजपूत। वरिष्ठ समाजसेवी श्यामल राव,दिशा शिक्षण एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष मनोज ठाकुर, प्राचार्य अनिल बंदेवार, मातृ सेवा संघ के अध्यक्ष राकेश शर्मा प्रमुख वक्ता राजकुमार साकेत उपस्थित रहे.कार्यक्रम की शुरुआत वीर सावरकर जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि के साथ की गई। कार्यक्रम मे मनोज ठाकुर ने बताया कि माय भारत केंद्र के तत्वावधान में दिशा के सहयोग से जयंती के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों में निबंध लेखन, चित्रकला,पौधरोपण, स्वच्छता अभियान एवं विचार गोष्ठी की गई ।

## बॉर्डर में ड्यूटी के दौरान हृदय गति रुकने से BSF जवान का आकस्मिक निधन



**हर्रई।** अमर रहे' के नारों से गूंजा आसमान, गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम संस्कार, बम्होरी क्षेत्र के गौरव थे जवान, अंतिम विदाई में उमड़ा जनसैलाब जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि। छिंदवाड़ा जिला के हर्रई विकासखंड के अंतर्गत आने वाले बम्होरी गांव में उस समय गहरा शोक छा गया, जब सीमा सुरक्षा बल (BSF) के एक जांबाज जवान के आकस्मिक निधन की खबर सामने आई। कर्तव्य पर तैनात जवान की मृत्यु हृदय गति रुकने (हार्ट अटैक) के कारण हुई। शुक्रवार को जब शहीद समान इस वीर सपूत का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव बम्होरी पहुंचा, तो पूरे इलाके में माहौल गमगीन हो गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था, वहीं हजारों की संख्या में उमड़े ग्रामीणों ने नम आंखों से अपने लाडले को अंतिम विदाई दी। 'अमर रहे' के नारों से गूंजा आसमान, गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम संस्कार जवान की अंतिम यात्रा में देशभक्ति और शहादत का एक अभूतपूर्व मंजर देखने को मिला।

### मायावाड़ी डेम के पास चल रहा था अवैध खनन, राजस्व और पुलिस टीम ने की संयुक्त कार्रवाई

# पुलिस ने न्यूटन पेंच नदी में फिर पकड़ा अवैध रेत से भरा ट्रैक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

न्यूटन पेंच नदी से शुक्रवार को फिर एक ट्रैक्टर अवैध रेत से भरा ट्रैक्टर पकड़ा गया । इसके पहले बीते बुधवार को ही खनिज विभाग ने दो ट्रैक्टर पकड़े थे । इस बार राजस्व टीम और पुलिस ने ट्रैक्टर पकड़ा है ।न्यूटन पेंच नदी के मायावाड़ी की ओर बने डेम के पास नदी में अवैध उत्खनन कर रेत ट्रैक्टर में भरे जाने की सूचना नायब तहसीलदार राम सूर्यवंशी को मिली। इसके बाद उन्होंने हल्का पटवारी अल्फाज़ अंसारी और अन्य कर्मियों को मौके पर भेजा । साथ ही न्यूटन पुलिस भी मौके पर पहुंची । जहां एक ट्रैक्टर अवैध रेत से भरा पाया गया । जिसे जब्त कर न्यूटन पुलिस चौकी में खड़ा किया गया । ट्रैक्टर गगन साहू का बताया जा रहा है।




### चौकी परिसर में बढ़ रही ट्रैक्टरों की संख्या

न्यूटन पुलिस चौकी परिसर में अवैध कार्यों में संलिप्त ट्रैक्टरों की संख्या बढ़ती ही जा रही है । वर्तमान में चौकी परिसर में जब्त कर रखे गए ट्रैक्टरों की संख्या 9 है । इनमें अधिकांश ट्रैक्टर रेत से भरे हैं । कुछ में गिट्टी भरी हुई है ।

### आरटीओ से जांच की मांग

इस मामले में भाजपा नेता जयंत राय ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा , कि न्यूटन पुलिस चौकी परिसर में खड़े ट्रैक्टरों की संख्या देखकर लगता है , ट्रैक्टरों का उपयोग कृषि कार्य और अन्य वैध व्यावसायिक कार्यों में होना चाहिए उनका उपयोग अवैध कार्यों को करने में किया जा रहा है । इस मामले में आर टी ओ ( परिवहन ) विभाग को भी जांच कर कार्रवाई करनी चाहिए ।

## नायब तहसीलदार से अभद्रता कर रेत से भरा डम्पर छुड़ाया, जिलेभर के राजस्व अधिकारियों में आक्रोश



**छिंदवाड़ा।** जिले के मोहखेड़ विकासखंड अंतर्गत छिंदवाड़ा-बैतूल हाईवे पर रेत माफियाओं की दबंगई का सनसनीखेज मामला सामने आया है। अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई करने पहुंचे नायब तहसीलदार रमाकांत चौकसे के साथ रेत माफियाओं द्वारा खुलेआम अभद्रता, गाली-गलौज और सरकारी कार्य में बाधा डालने की घटना ने प्रशासनिक अमले में हड़कंप मचा दिया है। घटना के बाद जिलेभर के राजस्व अधिकारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।जानकारी के अनुसार बुधवार को मलंग ढाबा के समीप नायब तहसीलदार रमाकांत चौकसे अवैध रेत परिवहन की जांच कर रहे थे। इसी दौरान बिना नंबर और दस्तावेजों के रेत से भरे वाहनों को रोककर पूछताछ की जा रही थी। तभी एक हाईवा वाहन अवैध रेत लेकर मौके पर पहुंचा। अधिकारी द्वारा परिवहन संबंधी दस्तावेज मांगे जाने पर चालक कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। नायब तहसीलदार उक्त वाहन को पुलिस अभिरक्षा में लेने की कार्रवाई कर रहे थे, तभी चालक ने अपने मालिक आसिफ खान को सूचना दे दी।कुछ ही देर में आसिफ खान अपने गुर्गों के साथ थार वाहन से मौके पर पहुंचा और आते ही दबंगई दिखाते हुए नायब तहसीलदार के साथ गाली-गलौज और अभद्रता शुरू कर दी। आरोप है कि आरोपियों ने अधिकारी और उनके चालक सिद्धार्थ का मोबाइल फोन भी छीन लिया तथा रेत से भरा डम्पर लेकर मौके से फरार हो गए। घटना के दौरान हाईवे पर अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई।स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दे दी गई थी, लेकिन समय पर पुलिस बल मौके पर नहीं पहुंचा। लोगों का कहना है कि यदि पुलिस समय रहते सक्रिय होती तो आरोपियों को मौके पर ही पकड़ा जा सकता था। इस घटना के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।घटना के बाद नायब तहसीलदार मोहखेड़ थाना और उमरानाला चौकी के बीच शिकायत दर्ज कराने के लिए भटकते रहे। बाद में वरिष्ठ अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद आरोपी आसिफ खान और अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 0250/26 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस अब आरोपियों और थार वाहन की तलाश में जुटी हुई है।उल्लेखनीय है कि जिले में रेत और गौण खनिज माफियाओं के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। पूर्व में भी हर्रई में तहसीलदार, जुन्नारदेव और चौरई में नायब तहसीलदारों तथा तामिया में वन विभाग के कर्मचारियों पर हमले जैसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि यदि ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में और गंभीर घटनाएं हो सकती हैं।

### पूर्व सरपंच, सचिव और एक अन्य पर संयुक्त रूप से गिरी गाज

## अवैध रेत उत्खनन पर बड़ी चोट, कलेक्टर ने ठोका 5.26 करोड़ का भारी-भरकम जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

अवैध रेत उत्खनन और माफियाओं के खिलाफ प्रशासन ने अब तक की सबसे बड़ी और ऐतिहासिक कार्रवाई की है। कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने नियमों की धज्जियां उड़ाकर अवैध उत्खनन करने वाले आरोपियों पर शिकंजा कसते हुए आज 29 मई को 5 करोड़ 26 लाख 50 हजार रुपये का भारी-भरकम जुर्माना ठोक दिया है। इस कड़े फैसले के बाद से क्षेत्र के रेत माफियाओं और अवैध उत्खनन करने वालों में हड़कंप मच गया है।

### एक महीने की मोहलत, वरना कुड़की (भू-राजस्व) से होगी वसूली

आदेश में साफ तौर पर चेतावनी दी गई है कि सभी अनावेदक संयुक्त रूप से इस राशि को एक महीने के भीतर शासकीय खजाने में जमा करना सुनिश्चित करें। यदि निर्धारित समय सीमा में यह रकम जमा नहीं की जाती है, तो प्रशासन सख्त रुख अपनाते हुए इस राशि को भू-राजस्व की बकाया के रूप में वसूल करने के लिए वैधानिक कुड़की व अन्य कानूनी कार्रवाई शुरू कर देगा।

### स्वीकृत लीज से बाहर जाकर खोदी 3510 घनमीटर रेत



सरकारी अभिलेखों और जांच रिपोर्ट के परीक्षण उपरांत कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने पाया कि, प्रतिभा आनंदराव ठाकरे (तत्कालीन सरपंच, ग्राम पंचायत रंगारी, तहसील-सौंसर), तत्कालीन सचिव (ग्राम पंचायत रंगारी, तहसील-सौंसर) तथा आनंद ठाकरे पिता गंगाधर ठाकरे (निवासी- ग्राम रंगारी तहसील-सौंसर) ने लालच में आकर अपनी स्वीकृत लीज सीमा का उल्लंघन किया। आरोपियों द्वारा तय क्षेत्र से बाहर जाकर कुल 3510 घनमीटर रेत खनिज का अवैध रूप से उत्खनन किया गया था। यह कृत्य मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम, 2022 और खनिज अनुज्ञा (परमिशन) की शर्तों का खुला उल्लंघन है। जांच में आरोप पूरी तरह प्रमाणित पाए जाने के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। शुरुआत में नियम 18(2) के तहत प्रशमन के लिए 2,63,25,000.00 की राशि प्रस्तावित की गई थी। लेकिन तीनों अवैध उत्खननकर्ताओं द्वारा इस राशि को जमा न करने और मामला प्रमाणित होने के कारण, कलेक्टर कोर्ट ने नियम 18(6) का इस्तेमाल करते हुए इस जुर्माने की रकम को सीधे दोगुना कर दिया। अब आरोपियों को 5,26,50,000.00 (पांच करोड़, छब्बीस लाख, पचास हजार रुपये मात्र) का हर्जाना भुगतना होगा।

## कार्रवाई के बाद भी नहीं थम रही रेत चोरी, निर्माण स्थलों तक पहुंच रही अवैध रेत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया क्षेत्र में वर्षों से जारी रेत चोरी पर खनिज विभाग ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। खनिज निरीक्षक स्नेह लता ठवरे ने बीते दो दिनों में छह रेत से भरे ट्रैक्टर पकड़कर अवैध उत्खनन और परिवहन पर कार्रवाई की है। विभाग की इस कार्रवाई से रेत माफियाओं में हड़कंप जरूर मचा है, लेकिन इसके बावजूद रेत चोर अपने तरीके बदलकर अवैध कारोबार जारी रखे हुए हैं।

बताया जा रहा है कि अब रेत चोरी का समय बदल दिया गया है, ताकि कार्रवाई से बचा जा सके।सबसे बड़ा सवाल यह है कि लगातार कार्रवाई के बाद भी चोरी की रेत सरकारी और निजी निर्माण स्थलों तक कैसे पहुंच रही है। तामिया में चल रहे टीआईटी कॉलेज, म्यूजियम भवन, मंगल भवन, छात्रावास और गर्ल्स हॉस्टल सहित कई निर्माण कार्यों में बड़ी मात्रा में रेत का भंडारण खुलेआम देखा जा सकता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण स्थलों पर जमा रेत को बाद में अन्य जगहों पर भी सप्लाई किया जा रहा है। निर्माण स्थल तक पहुंचने के बाद रेत को वैध मान लिया जाता है, जिसका फायदा रेत माफिया उठा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार हजारों घनमीटर रेत इन निर्माण कार्यों में उपयोग की जा चुकी है, लेकिन आज तक किसी निर्माण स्थल पर रेत की जब्ती या जांच की प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। यहां तक कि यह पता लगाने का प्रयास भी नहीं किया गया कि निर्माण स्थलों तक रेत पहुंचा कौन रहा है। इससे अवैध उत्खनन और परिवहन को लगातार बढ़ावा मिल रहा है।

यदि निर्माण स्थलों पर उपयोग की गई रेत का सही मूल्यांकन किया जाए तो शासन लाखों रुपये का राजस्व वसूल सकता है। साथ ही चोरी की रेत खरीदने वालों पर कार्रवाई होने से अवैध कारोबार पर भी प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।



## शिव-पार्वती विवाह प्रसंग सुन भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु

**जुन्नारदेव।** जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खापा स्वामी के ग्राम भुतहा छाबड़ी में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धालु शिव-पार्वती विवाह के अलौकिक प्रसंग के साक्षी बने। गुरुवार रात्रि को कथा पंडाल में भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का विवाह पूरे विधि-विधान से संपन्न कराया गया, जिसे देख पूरा वातावरण शिवमय हो गया। वृंदावन धाम से पधारे कथा वाचक आचार्य रोहितानंद महाराज ने शिव-पार्वती विवाह का सजीव और संगीतमय बखान किया। उन्होंने बताया कि भगवान शिव की बारात में केवल देवता और गंधर्व ही नहीं, बल्कि भूत, पिशाच और समस्त योनियों के प्राणी शामिल हुए थे। महाराज जी के मुखारविंद से इस उत्तम वृतांत को सुनकर कथा स्थल पर मौजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु भावविभोर हो गए और भजनों की धुन पर जमकर झूमे। भागवत कथा का वाचन प्रतिदिन रात्रि 8:00 बजे से 11:00 बजे तक किया जा रहा है। तीसरे दिन विवाह उत्सव के दौरान कथा स्थल को विशेष रूप से सजाया गया था और भगवान शिव-पार्वती के स्वरूपों का विधि-विधान से पूजन कराया गया।

## पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली एवं किसानों की समस्याओं पर होगी विशेष नजरः उईके

### विधायक ने ली जुन्नारदेव एवं तामिया के खण्डस्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

क्षेत्र में पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली और किसानों से जुड़ी समस्याओं के निराकरण को लेकर विधायक सुनील उईके ने शुक्रवार को जनपद पंचायत सभाकक्ष जुन्नारदेव में जुन्नारदेव एवं तामिया विकासखण्ड के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में एसडीएम कामिनी ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक ने विभागवार विकास कार्यों की प्रगति एवं आमजन की समस्याओं की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक सुनील उईके ने कहा कि ग्रीष्मकाल के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी गांव या वार्ड में पेयजल संकट उत्पन्न न होने पाए। जिन क्षेत्रों से पानी की समस्या की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, वहां तत्काल वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़े, यह किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। विधायक ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में दवाइयों की उपलब्धता, चिकित्सकों की उपस्थिति तथा मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। साथ ही बिजली विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मी एवं आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए विद्युत आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की जाएं।शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान विधायक ने आगामी शिक्षण सत्र की तैयारियों की जानकारी ली।



### शिक्षक एवं प्राचार्य गंभीरता से करें कार्य

उन्होंने कहा कि जिन शालाओं का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है, वहां गुणवत्ता को बनाए रखा जाए तथा जिन विद्यालयों का परिणाम अपेक्षानुसार नहीं रहा, वहां विशेष रणनीति बनाकर शिक्षा स्तर में सुधार किया जाए। विधायक ने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए शिक्षकों एवं प्राचार्यों को गंभीरता से कार्य करने की बात कही। बैठक में कृषि विभाग को भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। विधायक सुनील उईके ने कहा कि मानसून के आगमन के साथ किसानों को रासायनिक खाद, गुणवत्तायुक्त बीज एवं कृषि दवाइयों की आवश्यकता बढ़ेगी, इसलिए संबंधित विभाग अभी से तैयारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और समय पर आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाए। साथ ही नकली बीज एवं खाद की बिक्री पर भी सख्ती से निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

### 15 शालाओं के प्राचार्यों को शॉल श्रीफल किया भेंट

बैठक के अंत में विधायक सुनील उईके ने जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र की उन 15 शालाओं के प्राचार्यों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया, जिनका 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। विधायक ने कहा कि यह सम्मान अन्य विद्यालयों के लिए भी प्रेरणा का कार्य करेगा। एसडीएम कामिनी ठाकुर ने भी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा आमजन की समस्याओं का समय पर निराकरण किया जाए। बैठक में जुन्नारदेव एवं तामिया विकासखण्ड के विभिन्न विभागों के अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## म्यूजियम निर्माण बना मुसीबत, भारी वाहनों से सड़क और पुलिया क्षतिग्रस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया के भारिया ढाना में भारिया जनजाति के लिए बनाए जा रहे म्यूजियम निर्माण कार्य में ठेकेदार की मनमानी अब स्थानीय लोगों के लिए बड़ी परेशानी बनती जा रही है। आरोप है कि विभागीय तकनीकी अधिकारियों की मिलीभगत से निर्माण कार्य में लगातार अनियमितताएं बरती जा रही हैं।

स्थिति यह है कि निर्माण सामग्री ढोने वाले भारी वाहनों ने पंचायत द्वारा बनाई गई आंतरिक सीसी सड़क को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है, जिससे वार्डवासियों का आवागमन मुश्किल हो गया है।स्थानीय लोगों के अनुसार वार्ड में रहने वाले अधिकांश परिवार मजदूर वर्ग से जुड़े हैं, जिन्हें रोजी-रोटी के लिए देर रात तक काम करना पड़ता है। पहले टूटी सड़क से किसी तरह आवाजाही हो जाती थी, लेकिन अब भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण सड़क पर बनी पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो गई है।

पुलिया के बीच बड़ा गड्ढा बन जाने से दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।हैरानी की बात यह है कि ठेकेदार और विभागीय अधिकारी सड़क की खराब स्थिति से पूरी तरह वाकिफ हैं, इसके बावजूद कोई सुधार कार्य नहीं कराया जा रहा। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं। निर्माण कार्य से उड़ रही धूल और टूटी सड़क ने स्थानीय निवासियों का जीवन भी प्रभावित कर दिया है।

ग्राम पंचायत की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले दो वर्षों से निर्माण कार्य जारी है, फिर भी पंचायत ने भारी वाहनों को आंतरिक मार्ग से गुजरने की अनुमति क्यों दी। अब ग्रामीण पूरे मामले की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## गायों के अंतिम संस्कार पर नगरपालिका की लापरवाही, भड़के हिन्दू जागरण मंच के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

गौवंश के मरणोपरांत नपा द्वारा बरती गई लापरवाही से हिन्दू जागरण मंच के लोग भड़क गए । नपा का घेराव भी किया । वहीं इस मामले में नपा अध्यक्ष ने कचरा डंपिंग यार्ड पहुंचकर निरिक्षण किया ।

बता दें , कि कुछ दिन पहले कुछ गौवंश परासिया वार्ड 1 में स्तिथ कचरा डंपिंग यार्ड में मृत और मरणासन्न अवस्था में पाए गए थे । जिसका विडिओ सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला हिन्दू जागरण मंच से जुड़े लोगों की जानकारी में आया । जिसके बाद मंच के लोगों ने नपा का घेराव कर गौवंश का नियमानुसार अंतिम संस्कार करने की मांग रखी , लेकिन नपा की और से कोई कदम नहीं उठाए गए । तब हिन्दू जागरण मंच के प्रान्त सह संयोजक मुकेश मौर्य , जिला संयोजक हितेश मालवीय , जिला सह संयोजक , जयकुमार पाल , राहुल कवड़कर , पिंकू पटवा , अंकित चौरसिया , अनुराग जायसवाल , राजेश गौर , मोहनथापा और अन्य लोग शुक्रवार को पुनः नपा कार्यालय पहुंचे और घेराव किया । उन्होंने बताया कि 25 मई को स्थानीय नगर पालिका डोंगर परासिया के कचरा डम्पिंग क्षेत्र वार्ड नंबर 1 मे लगभग डेढ़ दर्जन गौवंश जो कि मृत अथवा मरणासन्न अवस्था में फेंके गए थे , उस पर नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा कचरा फेंक कर गौवंश को जीवित ही जलाए जाने की घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किए गए ।

## श्रीमती कृष्णा गुहा का निधन, आज निकलेगी अंतिम यात्रा



**छिंदवाड़ा।** नगर के प्रतिष्ठित गुहा परिवार की पूज्य माताजी श्रद्धेय श्रीमती कृष्णा गुहा जी का 93 वर्ष की आयु में शुक्रवार को दुखद निधन हो गया। वे डॉ. प्रदीप गुहा, श्री संतोष गुहा, श्री संजय गुहा एवं श्री सुनील गुहा की माताजी थीं। उनके निधन की खबर से परिवार, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त है।स्वर्गीय श्रीमती कृष्णा गुहा अपने सरल, स्नेहमयी और धार्मिक स्वभाव के लिए जानी जाती थीं। उनकी अंतिम यात्रा निर्मल स्टेट स्थित पत्रकार संजय गुहा के निवास से शनिवार को सुबह 11 बजे मोक्षधाम के लिए निकलेगी।

### जिले के किसानों और जनप्रतिनिधियों के द्वारा लंबे समय से की जा रही थी निर्माण कार्यों की मांग

# कुसमैली मंडी में 9 करोड़ की लागत से होंगे विभिन्न निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले के किसानों के हित में लंबे समय से संघर्ष करते हुए किसानों को विभिन्न सौगातें दिलाने वाले सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों के बाद कुसमेली मंडी में लगभग 9 करोड़ की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यों को मंजूरी मिल गई है।

जिले के किसानों और जनप्रतिनिधियों द्वारा लंबे समय से की जा रही कुसमेली मंडी में निर्माण कार्यों और सुविधाओं की मांग को देखते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना, प्रभारी मंत्री राकेश सिंह सहित कृषि विभाग के अधिकारियों से मुलाकात करते हुए कुसमेली मंडी में बड़े शेड सहित अन्य निर्माण कार्यों के लिए निवेदन करने के साथ ही पत्राचार भी किया था। सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों का ही परिणाम है कि राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने लगभग 9 करोड़ की राशि की स्वीकृति प्रदान कर दी है। अब जल्द ही कुसमेली मंडी में विभिन्न निर्माण कार्य प्रारंभ हो सकेंगे। जिससे जिले के किसानों और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की लंबे समय से की जा रही मांग पूरी हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि छिन्दवाड़ा में स्थित कुसमेली मंडी छिन्दवाड़ा सहित अन्य जिलों के लिए सबसे बड़ी मंडी है। यहा पर प्रतिवर्ष लाखों टन अनाज आता है। लाखों टन अनाज की आवक के मान से मंडी में शेड की कमी हमेशा से ही बनी हुई थी।



सांसद बंटी विवेक साहू ने गत दिनों कलेक्ट्रेड कार्यालय में हुई बैठक के साथ ही अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की अलग से बैठक लेते हुए कुसमेली मंडी की समीक्षा की थी। सांसद बंटी विवेक साहू ने भोपाल प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना, प्रभारी मंत्री राकेश सिंह सहित कृषि विभाग के अधिकारियों से मुलाकात करते हुए कुसमेली मंडी में निर्माण कार्यों के लिए पत्र देकर राशि स्वीकृत कराने का निवेदन किया था।

### जिला विकास समिति की बैठक में उठी थी मांग

कलेक्ट्रेड कार्यालय छिन्दवाड़ा में गत दिनों जिला विकास समिति की बैठक में अनाज व्यापारी मंडल अध्यक्ष प्रतीक शुक्ला ने कुसमेली मंडी में बड़े शेड सहित अन्य निर्माण कार्यों की मांग प्रभारी मंत्री राकेश सिंह के समक्ष रखी थी। इस दौरान प्रभारी मंत्री राकेश सिंह और सांसद बंटी विवेक साहू ने शीघ्र ही निर्माण कार्यों की स्वीकृति के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया था। इसी का परिणाम है कि राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने लगभग 9 करोड़ की राशि स्वीकृत कर दी है।

### इन निर्माण कार्यों को मिली स्वीकृति

कुसमेली मंडी में राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा लगभग 9 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। जिसके तहत एक बड़ा शेड जिसमें चारों तरफ सी.सी. रोड का निर्माण 4 करोड़ की लागत से होगा। शेड क्रमांक 6 के बाजू में समतलीकरण, सीमेंट कांक्रीट कार्य व अन्य निर्माण कार्य के लिए 294.85 लाख स्वीकृत किए गए है। शेड क्रमांक 01, 02, 03 एवं 04 के आस-पास सीमेंट कांक्रीट मरम्मत कार्य के लिए 125 लाख स्वीकृत हुए है। कुसमेली मंडी में नवीन पाईप लाइन कार्य के लिए 38.45 लाख की स्वीकृति मिली है। कुसमेली मंडी में शेष बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य के लिए 80.42 लाख की स्वीकृति मिली है।

## जहर उगलती बोरगांव की फैक्ट्रियां, सो रहा है प्रशासन! प्रदूषण बोर्ड के अधिकारियों की भूमिका पर संदेह

# दस गांवों के हजारों ग्रामीणों और बच्चों की जिंदगी दांव पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

विकास के नाम पर खुली औद्योगिक क्षेत्र बोरगांव की कंपनियां अब मासूम जिंदगियों के लिए 'मौत का सौदागर' बन चुकी हैं। इन क्षेत्र की 6 कंपनियों से चौबीसों घंटे निकलने वाला केमिकल युक्त जहरीला पानी न सिर्फ धरती का सीना छलनी कर रहा है, बल्कि इलाके के बोरगांव खेरितायगाव,वाड्डोना, पारडसिंगा,सातनूरकबर पीपला, ब्राम्हण पीपला आदि ऐसे 10 गांवों के हजारों ग्रामीणों, मासूम बच्चों और बेजुबान जानवरों के लिए धीमा जहर (स्लो पॉइजन) बन चुका है। हैरान करने वाली बात यह है कि इस खौफनाक मंजर पर जिला प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अपनी आंखें, कान और जमीर तीनों बंद कर रखे हैं। हालांकि की इस मुद्दे को लेकर 2 साल पूर्व ही विधायक विजय चौरे ने यहां पर धरना प्रदर्शन के साथ नामजत कंपनियों की शिकायत की गई थी साथ ही विधानसभा में प्रश्न भी किया था, खानापूर्ति के लिए कमेटी बनाई गई थी,सालों बीतने बावजूद कंपनियों पर कार्रवाही शून्य है।

### बच्चों और महिलाओं में हो रही बीमारियां

औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाला यह जहरीला पानी जमीन के अंदर रिस चुका यह घातक केमिकल अब हैंडपंपों, नलों और कुओं के जरिए सीधे लोगों की रसोई और पेट में पहुंच रहा है। हालात बद से बदतर हो चुके हैं। प्रदूषित पानी के कारण बच्चों और महिलाओं में त्वचा रोग, पेट की गंभीर बीमारियां, कैंसर और विकलांगता का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। जिस पानी से कभी सोना उगलता था, उस केमिकल युक्त पानी ने खेतों को बंजर बना दिया है। खड़ी फसलें जलकर राख हो रही हैं। बदबूदार और जहरीले पानी को पीने से तालाबों की मछलियां सामूहिक रूप से मर रही हैं, और ग्रामीणों के पालतू जानवर (गाय, भैंस) तड़प-तड़प कर दम तोड़ रहे हैं।

### आर-पार की लड़ाई के मूड में ग्रामीणः अब बर्दाश्त नहीं

जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत धुर्वे ने बताया कि सालों से इस नरक को झेल रहे 10 गांवों के ग्रामीणों का धैर्य अब जवाब दे रहा हे।युवाओं और महिलाओं ने साफ चेतावनी दी है,कि यदि प्रशासन ने तुरंत इन फैक्ट्रियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं की, फैक्ट्रियों को सील नहीं किया और ग्रामीणों को साफ पानी मुहैया नहीं कराया, तो उग्र आंदोलन होगा।

### सौंसर और औद्योगिक क्षेत्र के नेताओं को नहीं चिंता

चुनाव आते ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता औद्योगिक क्षेत्र के ग्रामीणों के सामने हाथ-पैर जोड़कर, साष्टांग दंडवत होकर वोटों की भीख मांगते थे, परंतु औद्योगिक क्षेत्र की इन समस्याओं को लेकर आज वे अपनी आलीशान गाड़ियों के बंद शीशे भी नीचे नहीं करते। चुनाव खत्म होते ही नेताओं की चिंता भी खत्म हो गई। सालों से नरकीय जीवन जी रहे ग्रामीणों की सुध लेने वाला कोई नहीं है।

### प्रदूषण बोर्ड और कंपनी प्रबंधन की 'लंबी सेटिंग',

निरीक्षण के नाम पर सिर्फ ढोंग,आखिर इन बेलगाम कंपनियों पर कार्रवाई क्यों नहीं होती? इसका सीधा और कड़वा जवाब है—अफसरों और उद्योगपतियों का नापाक गठजोड़!सूत्रों की मानें तो प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की कंपनी प्रबंधन के साथ 'लंबी सेटिंग' (महीने की बंधी-बंधाई मलाई) चल रही है। अधिकारी कभी-कभार जनता के गुस्से को शांत करने के लिए भारी-भरकम गाड़ियों में बैठकर 'निरीक्षण' का ढोंग करने आते हैं। फैक्ट्रियों के अंदर वीआईपी खातिरदारी होती है, कागजी खानापूर्ति होती है और साहब मुस्कुराते हुए क्लीन चिट देकर निकल जाते हैं। यह निरीक्षण सिर्फ और सिर्फ भोली-भाली जनता को गुमराह करने का एक तमाशा बनकर रह गया है।

**इनका कहना हैः** प्रभारी एसडीएम प्रियंक मिश्राग्रामीणों के द्वारा की गई शिकायत के बाद में औद्योगिक क्षेत्र बोरगांव की कंपनियों से निकलने वाले पानी के सेपल को प्रदूषण बोर्ड के अधिकारियों के साथ में निरीक्षण किया गया है,पानी के सैंपल लेकर जाच के लिए भेजे गये है। साथ ही जांच कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को जानकारी भेजी गई हे।

## माय भारत केंद्र ने मनाई वीर सावरकर जी की जयंती वीर सावरकर के विचारों को अपने जीवन में उतारे



छिंदवाड़ा। माय भारत केंद्र छिंदवाड़ा द्वारा वीर सावरकर की जयंती बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने वीर सावरकर के विचारों को निबंध एवं पोस्टर के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का आयोजन जिला युवा अधिकारी सुष्मा गवली के मार्गदर्शन में शासकीय आई टी आई हर्रई जिला छिंदवाड़ा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि दीपक पांडे ,मंडल अध्यक्ष बहादुर सिंह राजपूत। वरिष्ठ समाजसेवी श्यामल राव,दिशा शिक्षण एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष मनोज ठाकुर, प्राचार्य अनिल बंदेवार, मातृ सेवा संघ के अध्यक्ष राकेश शर्मा प्रमुख वक्ता राजकुमार साकेत उपस्थित रहे.कार्यक्रम की शुरुआत वीर सावरकर जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि के साथ की गई। कार्यक्रम मे मनोज ठाकुर ने बताया कि माय भारत केंद्र के तत्वावधान में दिशा के सहयोग से जयंती के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों में निबंध लेखन, चित्रकला,पौधरोपण, स्वच्छता अभियान एवं विचार गोष्ठी की गई ।इस अवसर पर समाजसेवी श्यामल राव ने उनके जीवन परिचय मे बताया की विनायक दामोदर सावरकर जिन्हे वीर सावरकर के नाम से जाना जाता हे, भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख क्रांतिकारी, समाज सुधारक,लेखक ओर राष्ट्रवादी विचारक थे उनका जन्म 28 मई 1883 को महाराष्ट्र के नासिक जिले के भगूर गांव मे हुआ था । बचपन से ही उनमे देशभक्ति की भावना प्रबल थी मुख्य अतिथि दीपक पांडे ने कहा की वीर सावरकर जी ने अपनी शिक्षा को जारी रखने के लिए उच्च शिक्षा के लिए वे इंग्लैंड गए, जहाँ उन्होंने कानून की पढ़ाई की।

# आदिवासी प्रीमियर लीग सीजन-2 का आज होगा भव्य शुभारंभ

### पहला मैच पांढुर्ना एवं दमुआ की टीम खेलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सर्व आदिवासी समाज के तत्वावधान में आयोजित आदिवासी प्रीमियर लीग सीजन-2 का भव्य शुभारंभ 30 मई 2026 को प्रातः 8 बजे इनर ग्राउंड, नागपुर रोड पर किया जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिले के लोकप्रिय सांसद श्री विवेक 'बंटी' साहू की मुख्य उपस्थिति में होगा। नगर निगम महापौर श्री विक्रम अहके आयोजन समिति के अध्यक्ष हैं।

आयोजन से जुड़े राघवेन्द्र शाह ऊईके एवं अनिकेत अहके ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता का पहला मुकाबला पांढुर्णा और दमुआ की टीमों के बीच खेला जाएगा। हार्ड टेनिस बॉल से खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में जिलेभर की टीमें हिस्सा लेंगी और क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह आयोजन एक बड़े उत्सव के रूप में सामने आएगा।

उन्होंने कहा कि बल्ले की गूंज और गेंद की रफ्तार एक बार फिर छिंदवाड़ा की फिज़ा में रोमांच घोलने वाली है। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों द्वारा दर्शकों एवं खिलाड़ियों के लिए विशेष व्यवस्थाएं भी की गई हैं। आदिवासी प्रीमियर लीग का उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना है। आयोजन समिति ने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

### समाज संगठन एकजुट रहकर समाज के विकास के लिए कार्य करे : सांसद

छिन्दवाड़ा। मेरा मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं को सुनना और उनका त्वरित निराकरण करना है, पिछले सांसदों की तरह मैं इस बात की गिनती नहीं कराना चाहता कि मैंने कितनी राशि दी, महत्वपूर्ण यह है कि विकास कार्य धरातल पर दिखें। उक्त आशय के उद्गार सांसद बंटी विवेक साहू ने सौंसर में धनोज कुनबी समाज भवन में सांसद निधि से होने वाले अतिरिक्त निर्माण कार्य के भूमिपूजन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये व्यक्त किये। उल्लेखनीय है कि सौंसर में धनोज कुनबी समाज भवन के अतिरिक्त निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम छिंदवाड़ा व पांढुरना सांसद बंटी विवेक साहू के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

### अखिल गोंडवाना महासभा प्रदेश स्तरीय बैठक आज

छिंदवाड़ाः अखिल गोंडवाना महासभा की प्रदेश स्तरीय बैठक आज 30 मई दिन शनिवार को समय 5.30 बजे से गोटूल, हवाई पट्टी, नागपुर रोड, छिंदवाड़ा में आयोजित की गई है । इस बैठक में मुख्य अतिथि भारत लाल कोर्राम (दादा), राष्ट्रीय अध्यक्ष हुकुम सिंह कुशरे, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, ठाकुर प्रभाकर सिंह उईके, प्रदेश अध्यक्ष प्रेमशाह सल्लाम, धर्माचार्य प्रदेश अध्यक्ष, ठाकुर दुर्गावती उईके, प्रदेश अध्यक्ष, मातृ शक्ति कमलेश मरकाम, प्रदेश अध्यक्ष, युवा शक्ति, सरदार शाह सिंह, प्रदेश संरक्षक उपस्थित रहेंगे । इस प्रदेश स्तरीय बैठक में मातृशक्ति, पितृशक्ति, युवा शक्ति एवं धर्माचार्य (भुमका संघ) सहित प्रदेश एवं मध्यप्रदेश के सभी जिलों के जिलाध्यक्षों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है ।

## म्यूजियम, टीआईटी, कालेज, छात्रावास निर्माण में खप रही अवैध खनन कर निकाली गई रेत

### ठेकेदारों द्वारा रेत विक्रेताओं से खरीदी रेत के बिलों की जांच से होंगे नाम उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया मुख्यालय में इन दिनों करोड़ों रुपये के निर्माण कार्य ठेका पद्धति के माध्यम से कराए जा रहे हैं, लेकिन इन कार्यों में पारदर्शिता पूरी तरह गायब दिखाई दे रही है। निर्माण स्थलों पर न तो विभाग का स्पष्ट उल्लेख किया गया है, न ही लागत और उद्देश्य की जानकारी देने वाले सूचना फलक लगाए गए हैं।

शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि प्रत्येक सरकारी निर्माण कार्य का भूमि पूजन जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराया जाए तथा योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि आम जनता को विकास कार्यों की जानकारी मिल सके। इसके बावजूद पुलिस हाउसिंग बोर्ड, पीआईयू और जनजातीय विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य बिना भूमि पूजन और बिना सूचना फलक के संचालित हो रहे हैं। इससे कार्यकारी एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों की निषक्रियता भी चर्चा का विषय बनी हुई है। आरोप है कि पंचायत स्तर तक सक्रिय रहने वाले जनप्रतिनिधि बड़े निर्माण कार्यों से दूरी बनाए हुए हैं, जिसका फायदा ठेकेदार और अधिकारी मिलकर उठा रहे हैं। निर्माण कार्य तकनीकी मापदंडों के विपरीत किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं।सबसे गंभीर मामला तामिया के भारिया ढाना में निर्माणाधीन भारिया जनजाति म्यूजियम का बताया जा रहा है। आरोप है कि इस निर्माण में बड़ी मात्रा में चोरी की रेत का उपयोग किया गया है। रेत उत्खनन और परिवहन पर कार्रवाई के सरकारी दावों के बावजूद अवैध रेत सरकारी निर्माण तक पहुंच रही है।

यदि इस निर्माण में प्रयुक्त रेत का आकलन किया जाए तो हजारों घनमीटर रेत उपयोग होने की संभावना है। इससे न केवल अवैध उत्खनन को बढ़ावा मिला है, बल्कि शासन को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान भी हुआ है। अब आवश्यकता है कि खनिज विभाग और संबंधित एजेंसियां मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करें।

## जनहित के नाम पर तुगलकी फरमानः अजय अवसरे ने जताई तीखी नाराजगी, आदेश वापस लेने की मांग तेज

# बिना नंबर प्लेट वाहनों पर ईंधन बंदी से हड़कंपः किसानों-ग्रामीणों पर भारी पड़ेगा आदेश, सरकार पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज लांजी।

जिले में बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों को पेट्रोल-डीजल देने पर लगाए गए प्रतिबंध को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। इस आदेश ने जहां प्रशासनिक सख्ती का संदेश दिया है, वहीं दूसरी ओर किसानों, छोटे व्यापारियों और ग्रामीणों के बीच आक्रोश की लहर दौड़ गई है। उपाध्यक्ष जनपद पंचायत लांजी अजय अवसरे ने इस निर्णय को तुगलकी फरमान करार देते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की है। प्रशासन द्वारा जारी निर्देश आयुक्त, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय, मध्य प्रदेश, भोपाल के पत्र क्रमांक 3061/पेट्रोलियम/2026 26.05.2026 के अनुपालन में लागू किया गया है। आदेश के तहत जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि बिना नंबर प्लेट वाले किसी भी दोपहिया, चारपहिया, ट्रैक्टर, ट्रक अथवा अन्य व्यावसायिक वाहनों को ईंधन उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। इसके साथ ही प्लास्टिक के डिब्बों में डीजल देने पर भी सख्त रोक लगा दी गई है।

**किसानों की मुश्किलें बढ़ींः** इस आदेश के लागू होते ही ग्रामीण अंचलों में असंतोष फैल गया है। किसानों का कहना है कि खरीफ सीजन की तैयारियां जोरों पर हैं और ऐसे समय में यह निर्णय उनके लिए बड़ी समस्या बनकर सामने आया है।



ट्रैक्टर, पंप, जनरेटर और कृषि उपकरणों के संचालन के लिए डीजल की आवश्यकता लगातार बनी रहती है, लेकिन अब पेट्रोल पंप तक वाहनों को लाना अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होगी।

**व्यवहारिक नहीं, जनविरोधी निर्णय बताकर विरोध तेजः** अजय अवसरे ने आरोप लगाया कि सरकार और प्रशासन जमीनी हकीकत को समझे बिना ऐसे आदेश जारी कर रहे हैं, जो सीधे-सीधे किसानों और आम जनता की कमर तोड़ने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि कई ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैक्टर और मशीनें खेतों में ही रहती हैं, ऐसे में ईंधन लाना अब बड़ी चुनौती बन जाएगा। उन्होंने इस आदेश को अव्यावहारिक बताते हुए कहा कि जनहित को देखते हुए इसे तुरंत प्रभाव से वापस लिया जाना चाहिए। इधर, आदेश में उल्लंघन पर पेट्रोल पंप संचालकों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 सहित विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई का प्रावधान किया गया है, जिससे पंप संचालक भी दहशत में हैं।

## विधायक विवेक पटेल के हस्ते भूमिपूजन कार्य हुआ सम्पन्न

# पढ़ाई के माध्यम से ही पहुंचते अपने मुकाम पर - विवेक पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



कांग्रेस सरकार में एक भी युवा बेरोजगार नहीं था।लेकिन जैसे ही भाजपा की सरकार आई।बेरोजगार की संख्या बढ़ती चली गई।सरकार ने युवाओं का रोजगार छीन लिया।कई लोगो की नौकरी चली गई।लोग बेरोजगार हो गई।बड़ी-बड़ी फैक्ट्रिया बंद हो गई।गरीब किसान गेहूं नहीं बेच पाया है।ये जो सरकार है पूंजीपतियो की सरकार है।कांग्रेस सरकार में पंचायत में रहकर हर काम होते थे।अब तहसील कार्यालय में काम के लिए भटकना पड़ता है।कई वर्षों से चुनाव नहीं हो रहे है,ना ही खाद बीज किसानों को मिल रहा है।ये सरकार किसानों की विरोधी सरकार है।भाजपा के नेताओं ने कहा था हमारी सरकार आएगी तो महगाई कम होगी।युवाओं को रोजगार देंगे।इन्होंने युवाओं को कुछ दिया तो नहीं,बल्कि युवाओ का रोजगार भी छीन लिया।पिछले 10 वर्षों से कई बार पेपर लीक हो गए।पेपर लीक करने वाले भाजपा के कार्यकर्ता थे।कांग्रेस पार्टी चुनाव हारना पसंद करती हैं। मगर भाजपा के समान झूठे वादे नहीं करती।ये उद्बोधन विधायक विवेक विक्की पटेल ने ग्राम पंचायत डोरली में 5 लाख रुपयों की लागत से बन रही मरार माली समाज के अतिरिक्त कक्ष और बिरसा मुंडा प्रतिमा के भूमिपूजन के दौरान ग्रामीणों से कही।वहीं कार्यक्रम के दौरान ग्राम वासियों ने वॉर्ड नंबर 2 में स्ट्रीट लाइट और विद्युत पोल लगवाने की मांग विधायक विवेक पटेल से की।इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष सुनील राणा,उपसरपंच उपेंद्र डहरवाल,मरार माली समाज के अध्यक्ष बृजलाल मात्रे,कुंजीलाल पटले,धनपाल पंचेश्वर,जगत गिरी,विजय धनकरे,संदेश बिसेन,क्षत्रभुज डहरवाल,दुर्गाप्रसाद राणा,मदन राणा,ज्ञानीराम कावरे,दीपक मानेश्वर,संजय राणा,योगराज जागेश्वर,राजकुमार मात्रे,पवन बिसेन,कविता मात्रे सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि देश में समाजिक समानता भेदभाव को माता सावित्री देवी फुले ने ही समाप्त किया।शिक्षा को बढ़ावा देने पहला विद्यालय माता सावित्री देवी ने ही प्रारंभ किया।समाज का अतिरिक्त कक्ष बनने के बाद वहां लाइबेरी भी प्रारंभ किया जाएगा।उसमें महापुरुषों की किताबे रखी जाएगी।कोई भी विद्यार्थी वहां आकर पढ़ाई कर सकता है।माता-पिता हर मौसम में कड़ी मेहनत करके अपने बच्चों को पढ़ाते है।उनकी मेहनत को व्यर्थ ना जाने दे।पढ़ाई करके जब आप अपने मुकाम तक पहुंचोगे तक आपके साथ-साथ आपके माता-पिता और गाँव का नाम भी रोशन होगा।

## मरार माली समाज ब्लॉक वारासिवनी द्वारा मयंक मात्रे का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

ज्ञातव्य हो कि वार्ड नंबर 12 (शीतला माता मंदिर) वारासिवनी निवासी मयंक मात्रे ने इस वर्ष 2025- 26 में सांदीपनी विद्यालय वारासिवनी से कक्षा 12वीं की परीक्षा गणित विषय में उत्तीर्ण किया है। साथ ही इंटरनेशनल स्पेस साइंस कॉम्पिटिशन(ISSC) 2026 के ग्रैंड विनर होकर फ्री नासा(USA) एजुकेशन टूर प्राप्त किया है। मयंक सितंबर 2026 में नासा (USA) फ्री एजुकेशन टूर पर जाने वाले हैं। मयंक की इस सफलता पर आज दिनांक 28 मई, 2026 को मरार माली समाज ब्लॉक वारासिवनी द्वारा इंटरनेशनल स्पेस साइंस कॉम्पिटिशन(ISSC) 2026 के ग्रैंड विनर मयंक मात्रे का सम्मान किया गया। समाज के प्रतिनिधि मंडल द्वारा मयंक मात्रे को बुके के साथ-साथ ₹सिंबाल ऑफ नॉलेज₹ डॉ.बी. आर. अंबेडकर व ₹प्राइड ऑफ़ द नेशन₹ डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के फोटो फ्रेम भेंट किया गया एवं मिठाई खिलाकर बधाइयां दी गई तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। निश्चित रूप से मयंक ने अपने परिवार, समाज, विद्यालय एवं देश का गौरव बढ़ाया है। इस अवसर पर मरार माली समाज ब्लॉक वारासिवनी के अध्यक्ष अशोक मरार , सचिव एड. हेमंत देशमुख, कोषाध्यक्ष पी. डी. बाहेश्वर , जिला मरार माली समाज बालाघाट के कोषाध्यक्ष बी.पी. पंचेश्वर, उपाध्यक्ष राजकुमार चौधरी , न. पा. प. वारासिवनी के अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज दांदरे , ग्रा. पं. मेहंदिवाडा के सरपंच प्रतिनिधि किशोर तामेश्वर , अशोक मात्रे, भुवन खैरवार, रेवाराम पंचेश्वर, नंदलाल तामेश्वर, नंदकिशोर आचरे, रामकृष्ण जमरे,*दीपक देवेश्वर, *मुरली मात्रे, मयंक के दादाजी भूरेलाल मात्रे, पिताजी योगेंद्र मात्रे, बड़े भाई जतिन मात्रे एवं अन्य सामाजिकगण उपस्थित रहे।

## कटंगी में हुआ यूआईडी नंबर प्लेट घोटालाः 1 हजार मकानों और दुकानों पर लगाए गए क्यूआर कोड अब बेकार

हरिभूमि न्यूज कटंगी।




बालाघाट जिले की नगर परिषद कटंगी में करीब एक वर्ष पहले स्थानीय प्रापर्टी यूआईडी नंबर प्लेट के नाम पर कथित बड़ा घोटाला और धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इस मामले में स्थानीय अधिकारी गोल-मोल जबाव दे रहे है जबकि राज केयर कंपनी जिसने एनजीओ के स्वयंसेवियों के माध्यम से घर और दुकानों में नंबर प्लेट लगवाई थी। वह अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने का काम कर रही है। नगर के जागरूकजन कमल जैन सहित अन्य लोगों ने जब इस वर्ष इस यूआईडी नंबर प्लेट पर लगे क्यूआर कोड के जरिए अपना टैक्स जमा करने की कोशिश की तब इसका खुलासा हुआ। उन्होंने जब इसे लेकर नगर परिषद में मौखिक शिकायत की तो उन्हें कहा गया कि उस नंबर प्लेट से उनका कोई लेना-देना नहीं है। वह ऑफलाइन ही टैक्स जमा करवाएं। इस पूरे मामले में मुख्य नगर पालिका अधिकारी राधेश्याम चौधरी ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है। संबंधित शाखा से जानकारी लेने के बाद ही वे कुछ बता पाएंगे। पार्षद महेन्द्र कटारिया बताते है कि जब शहर में यह नंबर प्लेट लग रही थी तब उन्होंने तत्कालीन सीएमओ से इस पर जानकारी ली थी। उन्हें बताया गया था कि अन्य नगर परिषद और पालिका में भी टैक्स वसूली के लिए डिजिटल व्यवस्था बनाई जा रही है। इसी तर्ज पर नगर में भी प्रापर्टी यूआईडी नंबर प्लेट लगवाई जा रही है। इस कथित घोटाले की तरफ जिला कलेक्टर से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है।

**1 हजार से अधिक स्थानों में लगी प्लेटः** कटंगी शहर में तकरीबन साढ़े चार हजार दुकानें और मकान हैं। इनमें से लगभग 1 हजार दुकानों और आवासीय मकानों पर एक साल पहले यूनिक आईडी क्यूआर कोड लगाए गए थे। उद्देश्य था कि करदाता घर बैठे डिजिटल इंडिया की व्यवस्था के तहत टैक्स जमा कर सकें। लेकिन यह व्यवस्था शुरू ही नहीं हो पाई। नगर परिषद के कर्मचारियों ने करदाताओं को साफ कह दिया है कि ये क्यूआर कोड फर्जी हैं और टैक्स ऑफलाइन ही जमा करना होगा। इस पूरे मामले ने नगर परिषद प्रशासन, करदाताओं और आम नागरिकों को गहरे संदेह में डाल दिया है। दिल्ली की राज केयर कंपनी नामक निजी संस्था ने बालाघाट जिले के एक एनजीओ के स्वयंसेवियों के माध्यम से कटंगी शहर में यह काम कराया। प्रत्येक मकान और दुकान पर यूनिक आईडी क्यूआर कोड लगाने के लिए 100 रुपए वसूले गए। कंपनी ने दावा किया कि इन क्यूआर कोड में हितग्राही की पूरी जानकारी दर्ज है। अब एक साल बाद पता चल रहा है कि वह क्यूआर कोड ही फर्जी है।

अब स्थिति यह है कि ये क्यूआर कोड काम नहीं कर रहे हैं। करदाता जब टैक्स जमा करने की कोशिश करते हैं तो सिस्टम उन्हें अस्वीकार कर देता है। नगर परिषद के कर्मचारियों ने साफ कहा है कि ये क्यूआर कोड फर्जी हैं और टैक्स ऑफलाइन ही जमा करना होगा।

**करदाताओं की उम्मीदें और डिजिटल इंडिया का सपना चकनाचूरः** नागरिकों को बताया गया कि अब उन्हें टैक्स जमा करने के लिए नगर परिषद के चक्कर नहीं लगाने होंगे। वे घर बैठे मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर टैक्स जमा कर सकेंगे। यह व्यवस्था डिजिटल इंडिया अभियान के अनुरूप थी और करदाताओं ने इसे आधुनिक सुविधा मानकर स्वीकार किया। इस बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि कंपनी के पास कटंगी शहर के 1 हजार से अधिक लोगों का संवेदनशील डेटा पहुंच गया है। इसमें उनकी संपत्ति, परिवार और योजनाओं की जानकारी शामिल है। यह आशंका जताई जा रही है कि यह डेटा बेचा जा सकता है या गलत हाथों में जा सकता है। आमजन का साफ कहना है कि उन्हें डिजिटल इंडिया के नाम पर ठगा गया है। कई लोग यह भी कह रहे हैं कि उनके निजी डेटा का गलत इस्तेमाल हो सकता है। प्रॉपर्टी यूडीआईडी नंबर किसी संपत्ति या घर की एक विशिष्ट डिजिटल पहचान है। यह 14 से 18 अंकों का होता है, जो संपत्ति का पूरा ऑनलाइन ब्योरा (जैसे- ज़ोन, लोकेशन और मालिक का नाम) दर्शाता है। फिलहाल तो यहीं कहा जा सकता है कि कटंगी शहर के नागरिकों की निजी महत्वपूर्ण जानकारी बिना उनकी मर्जी के एक कंपनी को दे दी गई है।

**खबर संक्षेप**

### प्राचीन सूर्य मंदिर का पाठ उत्सव 12 एवं 13 जून को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्राचीन सूर्य मंदिर टैगोर वार्ड प्रकाश रोड का पंचम पाठ उत्सव पर वी 12 एवं 13 जून को आयोजित किया गया है इस आयोजन के मुख्य संतोष अग्रवाल ने बताया कि 12 जून को सूर्योदय से गणेश गौरी पूजन सूर्य अभिषेक ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा 13 जून को सूर्य अभिषेक हवन एवं शाम को विशाल भंडारे का आयोजन एवं भजन का कार्यक्रम रखा गया है सभी धर्मभिलंबियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है शास्त्रों में कहा गया है कि भगवान सूर्योदय के दर्शन मात्र से ही अनेकों कासन का निवारण हो जाता है इसी तारतम में यह आयोजन में पधार कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

### सिवनी का गौरवः अथर्व कौरव जूनियर नेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए ओड़िशा रवाना

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** द अल्टीमेट फाइटर्स एकेडमी, सिवनी के होनहार खिलाड़ी अथर्व कौरव आगामी जूनियर नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप (30 मई - 3 जून 2026, भुवनेश्वर) में भाग लेने के लिए ओड़िशा रवाना हो गए हैं। अथर्व, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पवन कुमार कौरव के सुपुत्र हैं और उनकी प्रेरणा से ही उन्होंने खेलों में यह मुकाम हासिल किया है।

द अल्टीमेट फाइटर्स एकेडमी के फाउंडर एवं मुख्य प्रशिक्षक तथा जिला किकबॉक्सिंग संघ सचिव निकेश पदमाकर ने बताया कि अथर्व, कोच योगेश नाविक के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ओड़िशा के लिए प्रस्थान कर चुके हैं। अथर्व की खेल प्रतिभा पर प्रकाश डालते हुए निकेश पद्माकर ने बताया कि अथर्व कौरव ने विगत वर्ष आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी मध्य प्रदेश के लिए स्वर्ण पदक जीतकर जिले का मान बढ़ा चुके हैं। अपनी हालिया उपलब्धियों में, अथर्व ने इंदौर में आयोजित दूसरे एमपी स्टेट किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप के जूनियर वर्ग के -69 कि.ग्रा. भार वर्ग में लाइट कॉन्टैक्ट एवं किक लाइट दोनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक हासिल कर अपनी धाक जमाई है।

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्टर सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर ने की। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह,जनपद एवं नगरीय निकायों के अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के तहत जिले में संचालित की जाने वाली व्यवस्थाओं एवं कार्ययोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। प्रभारी कलेक्टर श्री अनिल कुमार राठौर ने निर्देश दिए कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्रोत स्तर पर ही कचरे का पृथक्करण सुनिश्चित किया जाए तथा नियमित डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को प्रभावी रूप से संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जनजागरूकता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खुले में कचरा फेंकने एवं जलाने जैसी गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जाए तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित परिसंपत्तियों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। बैठक में कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण तथा आवश्यक अवसंरचना विकास को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर ने सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्ययोजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# फूड ग्रेन वेयर हाउस क्रमांक 2 में किसानों से हो रही लूट का खुलासा

## खरीदी प्रभारी वीरेंद्र बघेल और वेयर हाऊस संचालक कर रहे मनमानी

## 51 किलो 200 ग्राम प्रति बोरी के हिसाब से खरीदी से किसानों में आक्रोश

**विकासखंड धनोरा के अंतर्गत ग्राम मोहगांव स्थित फूड ग्रेन वेयरहाउस क्रमांक 2 में उपार्जन के अंतिम चरण के दौरान किसानों के साथ कथित अनियमितता का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसानों से प्रति बोरी 51 किलो 200 ग्राम के हिसाब से गेहूं लिया जा रहा है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।**

हरिभूमि न्यूज/ धनौरा/ केशव राय।




**खरीदी प्रभारी वीरेंद्र बघेल और वेयर हाऊस संचालक की मिली भगत से की गई लूट**

30000 क्विंटल गेंहू जो वेयर हाऊस के अंदर जा चुकी है उसमें लगभग 1 किलो प्रति क्विंटल के हिसाब से 3000 क्विंटल गेंहू जो वेयर हाउस में किसानो से अतिरिक्त लिया गया है जो कि लगभग 7875000 अठहत्तर लाख पचहत्तर हज़ार रुपये की है जो की भोले भाले किसानो से ले ली गई है ।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अतिरिक्त वजन न देने पर खरीदी प्रक्रिया में परेशान किए जाने की शिकायतें भी सामने आई हैं। किसानों ने नाम न बताना के एवज में कहा कि मजबूरी में उन्हें निर्धारित मात्रा से अधिक गेहूं देना पड़ रहा है। मामले के सामने आने के बाद उपार्जन व्यवस्था की पारदर्शिता और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जब मामले को लेकर फूड ग्रेन वेयरहाउस क्रमांक 2 मोहगांव के नोडल अधिकारी आर.के. डेहरिया से चर्चा की गई, तो उन्होंने बताया कि वे कृषि विभाग द्वारा संचालित रथ कार्यक्रम में व्यस्त हैं और उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। वहीं सूत्रों का कहना है कि वेयरहाउस में यह व्यवस्था लंबे समय से संचालित हो रही है तथा संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी होने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। किसानों का आरोप है कि यदि समय-समय पर निरीक्षण किया जाता तो ऐसी स्थिति निर्मित नहीं होती। अधिकारियों द्वारा जानकारी से इनकार किए जाने के बाद पूरे मामले को लेकर संदेह और बढ़ गया है।

### शिकायतों के बाद भी नहीं पहुंच रहे जिम्मेदार अधिकारी

प्राप्त जानकारी के अनुसार किसानों ने कई बार संबंधित अधिकारियों तक अपनी शिकायत पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन अब तक मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति की जांच नहीं की गई। इससे किसानों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती दिखाई दे रही है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई की जाती तो उन्हें आर्थिक नुकसान नहीं उठाना पड़ता।

### समिति प्रबंधक ने बताया वजन घटने का कारण

समिति के प्रबंधक सरदारी लाल यादव ने पूरे मामले में अलग पक्ष रखते हुए बताया कि मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के अधिकारियों के द्वारा समय पर गेहूं का गेट पास जारी नहीं किया जाता। उनके अनुसार कई बार गेहूं की बोरियां लगभग 10 दिनों तक खुले में पड़ी रहती हैं, जिससे उनका वजन कम हो जाता है। उन्होंने दावा किया कि प्रति बोरी लगभग 400 से 500 ग्राम तक वजन घट जाता है और इसी नुकसान की भरपाई के लिए अतिरिक्त वजन लिया गया है। किसानों का कहना है कि उन्हें तुलाई के समय 500 ग्राम प्रति बोरी अतिरिक्त गेंहू और वेयर हाउस में अंदर करते समय भी 500 ग्राम प्रति बोरी अतिरिक्त गेंहू ली गई है । समिति के प्रबंधक सरदारी लाल यादव ने पूरे मामले में अलग पक्ष रखते हुए बताया कि मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के अधिकारियों के द्वारा समय पर गेहूं का गेट पास जारी नहीं किया जाता। उनके अनुसार कई बार गेहूं की बोरियां लगभग 10 दिनों तक खुले में पड़ी रहती हैं, जिससे उनका वजन कम हो जाता है। उन्होंने दावा किया कि प्रति बोरी लगभग 400 से 500 ग्राम तक वजन घट जाता है और इसी नुकसान की भरपाई के लिए अतिरिक्त वजन लिया जाता है। हालांकि किसानों का कहना है कि तुलाई के समय 500 ग्राम प्रति बोरी अतिरिक्त गेंहू ली गई है और वेयर हाऊस में गेंहू अंदर करते समय फिर वेयर हाऊस संचालक के द्वारा 500 ग्राम प्रति बोरी गेंहू ली गई है यदि व्यवस्था में खामियां हैं तो उसका भार किसानों पर नहीं डाला जाना चाहिए। किसानों ने शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार खरीदी कराने की मांग की है।

### खरीदी प्रभारी के बयान से बढ़ा विवाद

फूड ग्रेन वेयरहाउस क्रमांक 2 मोहगांव के खरीदी प्रभारी वीरेंद्र बघेल ने भी इसी प्रकार की बात कही। इसके बाद फोन कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारी प्रबंधक पवन यादव ने बताया कि किसी भी प्रकार की अनियमितता होने से इनकार किया है एवं व्यवस्था को सामान्य बताया। इसी दौरान खरीदी प्रभारी वीरेंद्र बघेल द्वारा कथित रूप से यह कहा गया कि "हम अपने जेब से नहीं भरेंगे।" इस बयान के सामने आने के बाद किसानों में और अधिक नाराजगी देखी गई। किसानों का कहना है कि यदि किसी प्रकार का नुकसान हो रहा है तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और वेयरहाउस प्रबंधन की होनी चाहिए, न कि किसानों की। व्यवस्था को सामान्य बताया। इसी दौरान खरीदी प्रभारी वीरेंद्र बघेल द्वारा कथित रूप से यह कहा गया कि "हम अपने जेब से नहीं भरेंगे।" इस बयान के सामने आने के बाद किसानों में और अधिक नाराजगी देखी गई। किसानों का कहना है कि यदि किसी प्रकार का नुकसान हो रहा है तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और वेयरहाउस प्रबंधन की होनी चाहिए, न कि किसानों की।

### किसानों ने लगाए गंभीर धांधली के आरोप

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार किसानों ने उपार्जन केंद्र में लंबे समय से मनमानी तरीके से खरीदी किए जाने के आरोप लगाए हैं। किसानों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद उनकी बात नहीं सुनी जा रही। किसानों के अनुसार अतिरिक्त वजन लेने की वजह से उन्हें प्रति ट्रॉली भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कुछ किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि विरोध करने पर खरीदी प्रक्रिया धीमी कर दी जाती है। किसानों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग उठाई है।

### तहसीलदार ने दिए जांच के संकेत

जब पूरे मामला तहसीलदार धनोरा अमृतलाल धुर्वे के संज्ञान में आया , तो उन्होंने कहा कि यदि वेयरहाउस प्रभारी द्वारा किसानों के साथ किसी प्रकार की धांधली या मनमानी की जा रही है तो इसकी जांच कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी अनुविभागीय अधिकारी घंसौर को भी दी जाएगी तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। तहसीलदार के इस बयान के बाद किसानों में निष्पक्ष जांच की उम्मीद जगी है। हालांकि किसानों का कहना है कि केवल आश्वासन नहीं बल्कि मौके पर पहुंचकर वास्तविक जांच की आवश्यकता है।यदि व्यवस्था में खामियां हैं तो उसका भार किसानों पर नहीं डाला जाना चाहिए। किसानों ने शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार खरीदी कराने की मांग की है।

# सहकारिता की बड़ी कार्यवाही:सहकारी समिति के कर्मचारियो को थमाया सेवा मुक्ति आदेश

## सहकारी समितियो मे मचा हडकंप

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

बरघाट विकास खंड के अन्तर्गत आने वाली सहकारी समिति लालपुर मे एक बडी कार्यवाई सामने आई है जिसमे सहकारी समिति के पूर्व समिति प्रबंधक एवं एक अन्य कर्मचारी को प्रशासक के द्वारा सेवा मुक्ति आदेश थमाया गया है जिससे सहकारी समितियो मे हडकंप की स्थिति निर्मित हो गई है और इस कार्यवाई को जिले की सबसे बडी कार्यवाई के रूप मे देखा जा रहा है। तथा जिन्हे यह सेवा मुक्त आदेश थमाया गया है यह दोनो कर्मचारी पूर्व से ही निलंबित थे।

### क्यो थमाया सेवा मुक्त आदेश

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहकारी समिति लालपुर मे उपायुक्त सहकारिता के आदेश पर गठित जांच दल के द्वारा धान उपार्जन से सम्बंधित पहलुओ पर जांच की गई थी और जांच प्रति वेदन उपायुक्त सहकारिता सिवनी को सौपा गया था एवं जांच प्रति वेदन के आधार पर संयुक्त रूप से दोनो कर्मचारियो पर 5559401 पचपन लाख उसंठ हजार चार सौ एक रूपये की वसूली कार्यवाई प्रस्तावित की गई थी और यह वसूली धान उपार्जन कार्य के लिये समिति को प्राप्त खाली बारदानो से जुड़ी हुई है जिसमे समिति को प्राप्त नये एवं पुराने बारदानो की वसूली के अलग अलग उल्लेख किया गया है सेवा मुक्त आदेश मे वर्णित के आधार पर पूर्व समिति प्रबंधक पर बारदानो की कुल वसूली राशि जांच प्रतिवेदन के आधार पर 3238218 बत्तीस लाख अड़तीस हजार दो सौ अठारह रूपये निर्धारित की गई थी जिसमे से 255559 दो लाख पचपन हजार पांच सौ उसंठ रूपये की राशि वेतन से वसूल करने के उपरांत शेष राशि 2982659 उन्नतीस हजार बयासी हजार आठ सौ उसंठ रूपये वसूली निर्धारित की गई थी तथा समिति के ही अन्य कर्मचारी पर 2321183 तथा 29 गठान नये बारदाने की वसूली राशि 1319500 एवं 10 गठान पुराने बारदाने की राशि 45500 सहित कुल राशि 4095683 चालीस लाख पंचानंबे छै सौ तिरासी रूपये जांच प्रति वेदन के आधार पर वसूली निरधारित की गई थी और कुछ राशि वेतन से भी वसूली करने के उपरांत 3694055 की वसूली की कार्यवाई प्रस्तावित थी संयुक्त पंजीयक जबलपुर के मौखिक निर्देश एवं बैठक कार्यवाई दिनांक 20/04/2026 के अनुसार दोनो कर्मचारियो के द्वारा की गई अनियमितता तथा वसूली की राशि जमा न करने के कारण प्रशासक के द्वारा 20 मई 2026 को दोनो सहकारी समिति के कर्मचारियो की सेवा समाप्त कर दी गई है साथ ही वसूली की राशि जमा न करने पर वैधानिक कानूनी कार्यवाई एवं भू राजस्व की भांति चल अचल सम्पति या अन्य माध्यमो से वसूली की प्रक्रिया अपनाये जाने का भी फरमान जारी किया गया है वैसे प्रशासक की जिले मे यह कार्यवाई जरूर समितियो मे हडकंप पैदा कर रही किन्तु यह प्रश्न भी उठने लगे है की बारदानो की वसूली मे जब इनके द्वारा इतना बड़ा कदम उठाते हुऐ कर्मचारियो को सेवा मुक्त का फरमान जारी कर दिया गया वही बरघाट विकास खंड मे अनेको समितियो की जांच लम्बित है तथा धान के शार्टेज और वसूली के मामले मे अनेको समितिया ब्लेक लिस्टेड हो चुकी है धान शार्टेज जैसे मामलो मे समितियो को लाखो की छति हुई है तथा धान खरीदी से प्राप्त होने वाली कमीशन की राशि भी समितियो के खाते मे नही पहुंची किन्तु यह कार्यवाई भी सिर्फ जांच मे जाकर सिमट गई ऐसी स्थिति मे प्रशासक डी के डहेरिया का यह कदम सहकारिता के लिये नया आगाज है अथवा यह कार्यवाही कागजो तक सिमटने वाली है अथवा अन्य सहकारी समिति जहा आज भी धान शार्टेज की राशि लाखो मे है वसूली और कार्यवाई इसी तरह अनवरत जारी रहेगी यह तो आने वाला समय ही निरधारित करेगा।

# संशोधितः कक्षा 5वीं व 8वीं की पुनः परीक्षा अब 16 से 23 जून 2026 तक

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

राज्य शिक्षा केन्द्र ,भोपाल का पत्र क्रमांक/146/2026 भोपाल, दिनांक 24.04.2026जिले के समस्तू शासकीय, मान्यवता प्राप्त अशासकीय, अनुदान प्राप्त6 शालाओं एवं मदरसों में अध्यदयनरत कक्षा 5 व 8 के छात्रों की पुनः परीक्षा सत्र 2025-26 का आयोजन दिनांक 01 से 06 जून 2026 की अवधि में किया जाना था। किन्तु राज्य2 शिक्षा केन्द्र भोपाल का पत्र क्रमांक 182 दिनांक 26/05/2026 के अनुसार संशोधित समय सारणी जारी की गई है। अब संशोधित समय सारणी अनुसार 5वी, 8वीं पुनः परीक्षा का आयोजन 16/06/2026 से 23/06/2026 तक किया जावेगा। परीक्षा का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक निर्धारित समय सारणी अनुसार किया जावेगा। पुनः परीक्षा में राज्य शिक्षा केन्द्र , भोपाल द्वारा दिये गये निर्देशों का कडाई से पालन किया जावेगा। सभी पात्र बच्चोंा को पुनः परीक्षा में सम्मिलित कराये जाने की जवाबदारी संबंधित संस्थाव प्रमुख एवं शिक्षकों की होगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाने का दायित्व संबंधित संस्थाव प्रमुख एवं शिक्षकों का होगा। पुनःपरीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र केवल जनशिक्षा केन्द्रन स्तर पर रहेंगे। विगत वर्ष अनुसार निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर ऑन स्पॉ:ट प्रिंटिंग की प्रक्रिया अपनाई जाना है। इस हेतु जनशिक्षा केन्द्र्स्तपर पर परीक्षा से पूर्व समस्त आवश्यकक तैयारियां सुनिश्चित करने की संपूर्ण जवाबदारी जनशिक्षा केन्द्र प्रभारी की होगी। परीक्षा केन्द्रों पर शीतल पेय जल एवं आवश्यषकतानुसार पंखे, कूलर की व्य वस्थाब किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उपरोक्तानुसार आवश्यहक दिशा निर्देश जिला परियोजना समन्वतयक द्वारा सर्व संबंधितों को जारी किये गये हैं।

### कुएं में करंट लगने से मजदूर की मौत, गांव में पसरा मातम

सिवनी। जिले के किंडरई थाना क्षेत्र अंतर्गत धूमामाल गांव में खेत के कुएं में काम कर रहे एक मजदूर की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना गुरुवार शाम की बताई जा रही है, जिससे गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार ग्राम धूमामाल निवासी 38 वर्षीय मुकेश टेकाम पिता अंतूलाल टेकाम खेत के कुएं में मजदूरी का कार्य कर रहे थे। बताया गया है कि कुएं में लगी पानी की मोटर का विद्युत कनेक्शन जोड़ते समय अचानक बिजली प्रवाहित हो गई। करंट की चपेट में आने से मुकेश टेकाम गंभीर रूप से झुलस गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे और तत्काल परिजनों एवं पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर किंडरई थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची और मौका मुआयना किया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी जी.एस. राजपूत ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# भीषण गर्मी से जनजीवन बेहाल, अगले कुछ दिन राहत के आसार नहीं

सिवनी। जिले में नौतपा के असर से भीषण गर्मी लगातार लोगों की मुश्किलें बढ़ा रही है। गुरुवार को इस सीजन का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इससे पहले इस सीजन का सर्वाधिक तापमान 42.6 डिग्री सेल्सियस था।

मौसम विभाग और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक अगले कुछ दिनों तक गर्मी से राहत मिलने की संभावना बेहद कम है। तेज धूप और उमस के कारण दोपहर के समय सडक़ें और बाजार लगभग सूने नजर आ रहे हैं। लोगों को घरों से बाहर निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच बिना जरूरी काम के बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है।



स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को ओआरएस, नींबू पानी, लस्सी और अन्य तरल पदार्थों का अधिक सेवन करने की सलाह दी है। साथ ही हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने और सिर ढंककर बाहर निकलने को कहा गया है। डॉक्टरों ने बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की हिदायत दी है। जिला अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में उल्टी-दस्त, वायरल फीवर, सिरदर्द, चक्कर और डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अस्पतालों की ओपीडी में हर दिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अधिक पानी पीने और धूप में ज्यादा देर तक न रहने की अपील की है।

# शांति एवं सद्भाव के साथ मनाया गया ईद-उल-अज्हा का त्योहार

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मुख्यालय सहित जिले में शनिवार को ईदुल अजहा का त्योहार शांति व सदभाव के साथ मनाया गया। सुबह से ही नन्हें मुन्ने बच्चे, नौजवान व बुर्जुग ईदुल अजहा की नमाज अदा करने के लिए मस्जिद व ईदगाह की ओर अपने घरों से निकल पड़े। ईदगाह में नमाज अदा होने के बाद अमन चैन व शांति की दुआएं मांगी गई। वहीं दुआ के बाद एक दूसरे को गले मिल ईद की मुबारकबाद दी गई। नमाज के बाद बकरों की कुर्बानी दी गई। मुख्यालय सिवनी में बडी ज्यारत ईदगाह के अलावा घसयारी मोहल्ला ईदगाह, मस्जिद गरीब नवाज, मस्जिद फैजाने रजा, मस्जिद सूफिया, मस्जिद फैजगंज पिंजारी मोहल्ला, मस्जिद नूरअंबिया बस स्टैंड, मस्जिद गौसिया एकता कालोनी व बुधवारी बाजार जीएन रोड स्थित मस्जिद ईदगाह में बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने पहुंचकर नमाज अदा की। जिले के विकासखंड मुख्यालय छपारा, लखनादौन, केवलारी, धनौरा, बरघाट, घंसौर, कुरई सहित ग्रामीण अंचलों में स्थित ईदगाह व मस्जिदों में भी ईदुल अजहा की नमाज अदा की गई। ईदुल अजहा त्योहार के लिए सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन ने चाक-चौबंद व्यवस्था की। मुख्य स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा। वहीं ईदुल्ल अजहा की नमाज के पूर्व ही नगर पालिका प्रशासन ने नगर के ईदगाह सहित सभी मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई कराई। ताकि ईद की नमाज अदा करने आने वाले लोगों को किसी भी तरह की परेशानी न हो। बकरा ईद इदुल अजहा पर मस्जिद नूर अंबिया राज्य परिवहन बस स्टैंड पर नमाज़ अदा की गई. ईद की नमाज़ के पहले खिताब करते हुए हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती तौहिद रज़ा साहब ने क़ौम को ज़रुरी हिदायत दी कुर्बानी का असल मक़सद अपने अल्लाह ईश्वर को राजी करना है कुर्बानी अल्लाह के लिए है इसमें कोई दिखावा नहीं हो खासकर कुर्बानी की विडियो फोटो शोशल मिडिया में हरगिज न डालें और आपने सख्त लहजे में कहा अपने पड़ोसी रिश्ते दारो गरीब यतीम को सबसे पहले उनका हक़ हिस्सा दो बग़ैर दिखावा के आपने संपूर्ण जिला अहले सुन्नत व जमात को ईदुल अजहा बकरा ईद का त्योहार हर्ष उल्लास के साथ शांतिपूर्वक तरीके से मनाने की अपील की जिस चीज़ की कुर्बानी हुकूमत ने पाबंदी लगाई है उसका हरगिज़ बाय काट करें बकरे की कुर्बानी आला पैमाने पर करें और अपने आकाओं मौला अल्लाह को राजी करें नमाज़ के बाद मुल्क ए हिंदुस्तान के लिए अमनों अमान शांति के लिए दुआ मांगी गई ।

# 48 घंटे के भीतर अलग अलग दो जगह चोरी

केवलारी। केवलारी की जनता का मानना है कि जब से प्रीतम तिलगाम ने केवलारी थाना की जिम्मेदारी संभाली है तो थाने में शिकायत दर्ज कम और क्षेत्र में अपराध अधिक बढ़ रहे अब इसका कारण तो पुलिस विभाग सिवनी ही समझे वैसे जहां जिला पुलिस कप्तान के प्रभावी निर्णय लिया एक भी अपराधी पुलिस की गिरफ्त से बच न पाए अपराधों को रोकने के लिय अपराधियों पर सख्त कार्यवाही के निर्देश है। वही केवलारी पुलिस थाना प्रभारी प्रीतम तिलगाम सहित स्टाफ की निरंकुशता के चलते क्षेत्र में अपराध दर्ज संख्या लगातार बढ़ ही रहे है, जहां एक तरफ केवलारी थाना क्षेत्र में पुलिस कप्तान जहां पुलिस मुस्तैदी की बैठक ले रहे वही केवलारी थाना क्षेत्र में 48 घंटे के भीतर ही केवलारी में चोरों ने एक ही जगह 48 के अंतराल में चोरी की वारदात को अंजाम दे गए। 48 घंटे के भीतर अलग अलग दो जगह चोरी, केवलारी पुलिस अगर जिले के कप्तान की बात मुस्तैदी से संदर्भित बात मान लेते तो नहीं होती चोरी और न ही होते हौसले बुलंद।

### केवलारी में चोरों की आहट, सतर्क रहे सावधान रहे और सुरक्षित रहें

बाजार चौक केवलारी में निर्मित टीन शेड के अंतर्गत सब्जी मंडी में 27 मई दिन बुधवार की रात्रि 11.40 बजे चूड़ी मनिहारी व्यवसायी श्री रमेश लखेरा की दुकान में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा दुकान की रस्सी व तिरपाल खोल कर चोरी की जा रही थी , और सामान को एक बोरा और एक थैला में भर लिया गया था, किंतु संयोगवश रमेश लखेरा जी के पुत्र द्वारा रात्रि में खाना खाने के बाद टहलते हुए दुकान की देखरेख हेतु बाजार पहुंचे , और उस चोर को चोरी करते तत्काल मौके पाया गया और उसको चिल्लाया गया, दीपेश को देखकर चोर घबरा कर सामान वहीं छोड़कर भाग गया । कुछ दूरी तक पीछा किया गया किंतु चोर भाग गया ।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
एजेंसी देना है
सिवनी जिले के अंतर्गत लखनादौन, बरघाट, कहानी में हरिभूमि अखबार की एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति सुरक्षा निधि के साथ संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय: प्लाट नं. 66/1 इंडस्ट्रियल एरिया,रिछाई जबलपुर (म.प्र)
मोबाइल नंबर: 9340637789, 9479623424

# वनवासी कहे जाने पर आदिवासी समाज में नाराजगी, गृहमंत्री अमित शाह का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में आदिवासी समाज ने गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। यह विरोध दिल्ली में एक सम्मेलन के दौरान आदिवासियों को 'वनवासी' कहे जाने पर जताया गया। घटना शुक्रवार शाम 5:30 बजे नगर के काली पुतली चौक पर हुई।

पुतला दहन आदिवासी विकास परिषद के बैनर तले किया गया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी भी की। आदिवासी महिला नेत्री संदेश सैयाम ने कहा कि गृहमंत्री द्वारा आदिवासियों को 'वनवासी' कहना उनका अपमान है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समाज इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। आदिवासी विकास परिषद के जिला अध्यक्ष दिनेश धुर्वे ने बताया कि 'वनवासी' शब्द के प्रयोग से नाराज होकर यह पुतला दहन किया गया है। उन्होंने जोर देकर कहा, ₹हम देश के मूल निवासी हैं, हम आदिवासी हैं, वनवासी नहीं। धुर्वे ने यह भी कहा कि आदिवासी समाज 'वनवासी' कहे जाने को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा।

# फुटपाथ निर्माण कार्य अधूरा, 31 मई से शुरू नहीं हो सकेगा रोड ओव्हर ब्रिज पर यातायात

## एसडीएम गोपाल सोनी एवं एसडीओ अर्जुन सनोडिया ने किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट। गर्रा-वारासिवनी मार्ग पर निर्मित रोड ओव्हर ब्रिज (आरओबी) से 31 मई से यातायात प्रारंभ होने की संभावना फिलहाल टल गई है। बालाघाट एसडीएम श्री गोपाल सोनी ने गुरुवार 29 मई को सेतु निर्माण संभाग के एसडीओ श्री अर्जुन सनोडिया के साथ रोड ओव्हर ब्रिज का निरीक्षण किया और निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।**



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि ब्रिज के ऊपरी हिस्से में फुटपाथ निर्माण का कार्य अभी अंतिम चरण में चल रहा है। यह कार्य पूरी तरह पूर्ण होने में लगभग दो से तीन दिन का और समय लग सकता है। इसी कारण सुरक्षा एवं तकनीकी दृष्टि से 31 मई से ब्रिज पर यातायात प्रारंभ नहीं किया जा सकेगा।

एसडीएम श्री गोपाल सोनी ने संबंधित निर्माण एजेंसी एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि फुटपाथ सहित शेष कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि नागरिकों को सुरक्षित और सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि ब्रिज का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और बचा हुआ कार्य समाप्त होते ही यातायात प्रारंभ करने की नई तिथि घोषित की जाएगी। सेतु निर्माण संभाग के एसडीओ श्री अर्जुन सनोडिया ने बताया कि ब्रिज पर सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। फुटपाथ निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद अंतिम निरीक्षण किया जाएगा, जिसके उपरांत यातायात प्रारंभ किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस रोड ओव्हर ब्रिज के शुरू होने से बालाघाट-गर्रा-वारासिवनी मार्ग पर आवागमन अधिक सुगम होगा तथा रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलेगी। स्थानीय नागरिक भी लंबे समय से इस ब्रिज के प्रारंभ होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि निर्माण कार्य पूर्ण होने तक धैर्य बनाए रखें और सुरक्षा कारणों से निर्माणाधीन ब्रिज का उपयोग न करें।

# किसानों को सुगमता से उर्वरक उपलब्ध कराने अब ई-टोकन प्रणाली से ही खाद वितरण होगा

**बालाघाट।** शासन के निर्देशानुसार जिले में उर्वरक वितरण व्यवस्था को डिजिटल एवं पारदर्शी बनाया जा रहा है, जिससे किसानों को लाइन में लगने और अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी। किसान अब पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ई-टोकन बुक कर निर्धारित तिथि एवं समय पर उर्वरक प्राप्त कर सकेंगे। बिना ई-टोकन के उर्वरक वितरण नहीं किया जाएगा। इस व्यवस्था का उद्देश्य उर्वरक वितरण में पारदर्शिता बनाए रखना तथा किसानों को उनकी आवश्यकता अनुसार समय पर खाद उपलब्ध कराना है।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने जिले के किसानों को सलाह दी है कि वे अपनी फार्मर आईडी एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ ई-विकास पोर्टल पर पंजीयन कराएं। जिन किसानों की फार्मर आईडी नहीं बनी है, वे शीघ्र ही संबंधित विभाग से संपर्क कर आईडी बनवाएं। सिकमी एवं बटाईदार किसान भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत पंजीयन कर ई-टोकन प्राप्त कर सकते हैं। जिले की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों एवं उर्वरक विक्रेताओं के माध्यम से भी किसानों को ई-टोकन प्रणाली की जानकारी दी जा रही है। किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए समय से ई-टोकन बुक करें, ताकि खरीफ सीजन में उर्वरक की उपलब्धता सुचारु रूप से बनी रहे।

# नया राम मंदिर में बह रही भक्ति की अविरल धारा, उमड़ रही भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर पंचम मूल जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज की कृपा पात्र वरिष्ठ प्रचारिका सुश्री ब्रज किन्नरी देवी जी द्वारा दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन एवं रसमय संकीर्तन के चतुर्थ दिवस में बताया गया कि भगवान की असीम कृपा से हमें मनुष्य शरीर मिला है चौरासी लाख प्रकार की योनी में मनुष्य योनी सबसे प्रमुख एवं महत्वपूर्ण है क्योंकि यह शरीर बुद्धि प्रधान्य है कर्म प्रधान्य है भक्ति प्रधान्य है। किसी सही महापुरुष के मार्गदर्शन में साधना कर भगवान की कृपा प्राप्त कर उसे प्राप्त किया जा सकता है भगवान बड़े दयालु हैं कृपालु हैं अपने जीवों पर कृपा करने के लिए समय-समय पर वह स्वयं एवं अपने परिकरों को इस धरती पर भेजते रहते हैं ताकि कोई जीव किसी भी स्वरूप से आकर्षित होकर अपना परम चरम लक्ष्य प्राप्त कर सकें । इसी दौरान भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया जिसमें श्री कृष्ण का प्रकट होकर मथुरा से नंदगांव आना, नंदगांव में उनका स्वागत सम्मान, देवी जी के सानिध्य में केक काटा गया सभी भक्तों द्वारा अभिषेक किया गया, भगवान बालकृष्ण को पालने में झुलाया गया, आरती-अर्चन कर लूट लीला कराई गई, ₹जय कन्हैया लाल की हाथी- घोड़ा पालकी की₹ ध्वनि से मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया, कार्यक्रम के अंत में समस्त श्रोतागणों को बेल जूस, पंचामृत एवं लड्डू का भोग स्वरूप प्रसाद वितरण किया गया।

# गैर पंजीकृत फार्मासिस्ट द्वारा दवा वितरण पर होगी सख्त कार्रवाई

## सीएमएचओ ने कहा- भ्रामक खबरों से बचें, शिकायत मिलने पर होगी वैधानिक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में मेडिकल स्टोर्स पर गैर पंजीकृत व्यक्तियों द्वारा दवा वितरण के मामलों को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं पदेन उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन, बालाघाट द्वारा स्पष्ट किया गया है कि फार्मेसी अधिनियम 1948 की धारा 42 के अनुसार केवल पंजीकृत फार्मासिस्ट ही चिकित्सक के प्रिस्क्रिप्शन पर दवाइयों का वितरण कर सकते हैं। गैर पंजीकृत व्यक्ति द्वारा दवा वितरण पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। सीएमएचओ कार्यालय से जारी जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश फार्मेसी काउंसिल भोपाल द्वारा 8 अक्टूबर 2025 को जारी पत्र में यह स्पष्ट किया गया था कि मेडिकल स्टोर्स पर दवा डिस्पेंसिंग का कार्य केवल पंजीकृत फार्मासिस्ट ही करेंगे। अधिनियम के तहत उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति को तीन माह तक की सजा, दो लाख रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों दंड एक साथ दिए जाने का प्रावधान है। इसी के परिपालन में कार्यालयीन आदेश दिनांक 11 नवंबर 2025 के माध्यम से जिले में पदस्थ औषधि निरीक्षक श्री स्वप्निल सिंह एवं श्री जयप्रकाश कुमार को मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। निरीक्षण के दौरान गैर पंजीकृत व्यक्तियों द्वारा दवा वितरण पाए जाने पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं स्थानीय पुलिस के सहयोग से कार्रवाई की जानी थी।

# महिला कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत प्रभारी मंजू मिश्रा का बालाघाट आगमन आज

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा महिला कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने और संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सम्माननीय मंजू मिश्रा को बालाघाट जिले की महिला कांग्रेस संगठन की प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनके आगामी बालाघाट आगमन को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी एवं महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हलचल देखी जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला कांग्रेस संगठन को अधिक सक्रिय, संगठित और मजबूत बनाने के उद्देश्य से प्रभारी मंजू मिश्रा 30 मई 2026 शनिवार को बालाघाट पहुंचेंगी। इस दौरान वे महिला कांग्रेस की जिला, ब्लॉक एवं अन्य इकाइयों की पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन की वर्तमान स्थिति, आगामी रणनीति और जमीनी स्तर पर महिला भागीदारी को बढ़ाने को लेकर चर्चा करेंगी।

इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट के अध्यक्ष संजय उईके एवं संगठन महासचिव शफकत खान ने संयुक्त रूप से महिला कांग्रेस की समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और कांग्रेस से जुड़ी महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन अभियान के माध्यम से महिला कांग्रेस को नई ऊर्जा देने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे आगामी राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों में महिलाओं की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने बताया कि यह बैठक 30 मई 2026 को दोपहर 3 बजे सर्किट हाउस, बालाघाट में आयोजित की गई हैं। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, बूथ स्तर तक महिला कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने, महिलाओं के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।

जिला कांग्रेस कमेटी ने महिला कांग्रेस की सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से समय पर उपस्थित होकर संगठनात्मक चर्चा में भाग लेने का आग्रह किया है। कांग्रेस नेताओं का मानना है कि मजबूत संगठन ही भविष्य की राजनीतिक चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होता है और महिला शक्ति की भागीदारी से संगठन को नई दिशा एवं मजबूती प्राप्त होगी। मंजू मिश्रा के इस दौरे को महिला कांग्रेस संगठन के विस्तार और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## शाखा प्रबंधकों, पर्यवेक्षकों, संस्था प्रबंधकों की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

# कम वसूली होने पर होगी कार्यवाही: सीईओ बघेल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट सभाकक्ष में 28 मई को शाखा प्रबंधको, पर्यवेक्षको, संस्था प्रबंधकों की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन मृणाल मीना कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। अभिनव सिंह बघेल बैंक सीईओ एवं पी.जोशी प्रबंधक लेखा द्वारा उपस्थित शाखा प्रबंधको, पर्यवेक्षको और संस्था प्रबधंको की बैठक ली गई। बैंकिंग कार्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषय वसूली को लेकर वन टू वन समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि शाखाओं को आबंटित लक्ष्य के अनुरूप वसूली के लक्ष्य को पूर्ण करे तथा गत वर्ष की तुलना में कम वसूली होने पर निश्चित तौर पर कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी। यदि गत वर्ष से अधिक वसूली होती है तो संबंधित शाखाओं एवं समितियों को प्रोत्साहित भी किया जावेगा। इसलिए आवश्यक है कि समिति के प्रत्येक कर्मचारी कालातीत और अकालातीत कृषको से घर-घर जाकर संपर्क करे और वसूली के कार्यो को प्रभावी रूप से पूर्ण करे। इसके साथ ही खरीफ ऋण वितरण, वर्ष 2025-26 में कृषि ऋणों की समीक्षा, शाखा समायोजन, समिति निरीक्षण, पैक्स कम्प्यूटराईजेशन और सहकारी से समृद्धि को लेकर समितियो को निर्देशित किया गया कि अन्य व्यवसाय के लिए आवेदन दे ताकि समितियों को अन्य स्त्रोत से आय प्राप्त हो। श्री बघेल ने बताया कि वर्तमान में पैक्स समिति मोरवाही ने इफको मार्ट प्रारंभ किया है जिससे समिति को लाभांश प्राप्त हुआ है। समितियों के पुर्नगठन और मध्यमकालीन ऋण अंतर्गत प्रकरण तैयार करने और शाखा स्तर पर समिति कर्मचारियों के खातों का संधारण तथा मत्स्य पालन केसीसी प्रकरण, पशुपालन केसीसी प्रकरण की भी समीक्षा की गई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना से अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को जुड़ने निर्देश दिए गए। श्री बघेल ने कहा कि समय पूर्व रासायनिक खाद के उठाव हेतु किसानों को प्रेरित करे ताकि खाद का भंडारण किया जा सके।

**आयकर नियमों की दी जानकारी**

जिला स्तरीय बैठक में रविन्द्र वैद्य सीए ने नये आयकर अधिनियम में परिवर्तनों की जानकारी देते हुए कहा कि टी.डी.एस, पेन कार्ड और आधार कार्ड बैंकिंग कार्य में अनिवार्य है तथा खातों में खाताधारको की केवायसी पूर्ण करे ताकि आने वाले समय में परेशानियों का सामना ना करना पड़े। श्री वैद्य ने कहा कि बैंक के कर्मचारी अंतिम छोर के व्यक्ति के संपर्क में रहता है। उन्होने कहा कि जिला सहकारी बैंक मर्यादित बालाघाट को लगभग 13 वर्ष हो चुके है सीबीएस प्लेटफार्म में कार्य करते हुए इसलिए अनिवार्य है कि आरबीआई, नाबार्ड के दिशा निर्देशों के अनुसार कार्य करे। उन्होंने आयकर नियमों को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी उपस्थित कर्मचारियों को अवगत कराया। इस अवसर पर प्र. विपणन अधिकारी अशोक भवरे, शाखा प्रबंधक आशीष मिश्रा, ऋषि बिसेन, सुनील राहंगडाले, प्रकाश साहू, ऋषि हरिनखेड़े, मोरेश्वर फुण्डे, ज्ञानचंद नेवारे, जयकुमार नंदनवार, आई.आर. भगत, मुकेश ठाकरे, गिरीश हनवत, रत्नघोष भूरे, दीपक देशमुख, राजेश दुबे, अनिरूद्ध वागदे, दीनदयाल ठाकरे, दिलीप रामटेके, श्रीमती भूमेश्वरी नागेश्वर, श्रीमती लता गौतम,सारंग बिसेन, रौनक चैकसे, नीरज बिसेन, आदि उपस्थित रहे।

## कब होगी जिम्मेदारी तय, खतरनाक गड्डो की कब होगी जांच

# मुरूम के अवैध उत्खनन मामले में जाम डोंगर तालाब की नहीं हो रही जांच

### अवैध उत्खनन से राजस्व को भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

एक तरफ बालाघाट कलेक्टर ने अवैध उत्खनन पर लगाम लगाने के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। बावजूद संबंधित जिम्मेदार विभाग अवैध उत्खनन करने वालों की जिम्मेदारी तय नहीं कर पा रहा है। मामला ग्राम पंचायत जाम के शासकीय डोंगर तालाब से बिना अनुमति मुरुम के अवैध उत्खनन का है. जहां खनन माफिया द्वारा बड़े-बड़े और खतरनाक गड्ढे कर दिए गए हैं बावजूद अभी तक गड्डो का नाप जोक नहीं हुआ है खनन माफिया द्वारा तालाब से भारी पैमाने पर मुरूम का अवैध उत्खनन कर बिक्री किया गया और मुनाफा कमाया गया। लेकिन इस गंभीर मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिससे जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खडे हो रहे हैं। जनता जानना चाहती है की कारवाई कब तक होगी।


हरिभूमि

सरपंच और खनन माफिया की मिली भगत से हो रहा मुरूम का अवैध उत्खनन.

लालबर्रा के ग्राम जाम में शासकीय डोंगर तालाब से बीते 15 दिनों से मुरूम का अवैध खनन जारी

### जागरूक ग्रामीणों ने दी मीडिया को अवैध खनन की जानकारी

ग्राम पंचायत जाम के डोंगर तालाब से लगातार 15 दिनों से हो रहे अवैध उत्खनन की जानकारी ग्रामीणों के द्वारा मीडिया को दी और बताया गया कि 15 दिनों से बिना अनुमति शासकीय तालाब से खुलेआम मुरूम की खुदाई कर बिक्री की जा रही है मीडिया को जानकारी लगते ही पुष्टि की गई और हो रहेअवैध उत्खनन से बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीणा वारासिवनी एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल और जाम की पटवारी को अवगत कराया गया जिसके तुरंत बाद ही खनन बंद कर दिया गया और 25.5.2026 को दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र द्वारा मुरुम के अवैध उत्खनन मामले में समाचार का प्रकाशन कर जिम्मेदारों से कार्रवाई की उम्मीद की गई लेकिन दुर्भाग्य की बात यह की जाम के पटवारी को अवैध खनन की जानकारी रहने के बावजूद भी उन्होंने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत नहीं कराया और अवैध उत्खनन होने दिया जिससे शासन को भारी नुकसान हुआ और खतरनाक गड्ढे तालाब में खोदे गए। डोंगर तालाब से हुए भारी पैमाने पर मुरम के अवैध उत्खनन पर क्या कार्रवाई की गई के संबंध में पटवारी से दूरभाष पर चर्चा करनी चाहि गईं पर उन्होंने मीडिया का फोन रिसीव नहीं किया जाम गांव में जन चर्चा है कि पटवारी के संरक्षण में ही डोंगर तालाब से मुरुम का अवैध उत्खनन भारी पैमाने पर किया गया। देखना होगा कि बालाघाट कलेक्टर और संबंधित विभाग डोंगर तालाब से हुए भारी पैमाने पर मुरुम के अवैध उत्खनन पर माफिया और जिम्मेदार पटवारी पर क्या कार्रवाई निर्धारित करता है। कार्रवाई के नहीं होने से माफिया के हौसले बुलंद हो जाएंगे और वह कहीं भी खुलेआम अवैध उत्खनन करते रहेंगे। जिला प्रशासन मामले पर ठोस कार्रवाई करें। ऐसी मांग जाम के जागरूक जनों के द्वारा की गई है।

### विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बालाघाट।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय बालाघाट परिसर स्थित आंगनवाड़ी एवं उमंग स्वास्थ्य केंद्र में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सरदार पटेल महाविद्यालय की छात्राओं सहित बड़ी संख्या में किशोरियों एवं बालिकाओं ने सहभागिता की।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को माहवारी स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान बालिकाओं को माहवारी के समय स्वच्छता बनाए रखने, सेनेटरी पैड के सही उपयोग, संतुलित आहार तथा संक्रमण से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही खुली चर्चा के माध्यम से बालिकाओं की जिज्ञासाओं एवं सवालों का समाधान भी किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत माहवारी स्वच्छता विषय पर पोस्टर निर्माण, जागरूकता स्लोगन लेखन, रंगोली प्रतियोगिता, प्रश्न बॉक्स गतिविधि तथा समूह चर्चा एवं जागरूकता सत्र जैसी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

# खरीफ सीजन के लिए धान बीज उपलब्ध, किसान जल्द करें खरीदी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

खरीफ सीजन 2026 को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग द्वारा जिले के सभी 10 विकासखंडों में धान के प्रमाणित बीज उपलब्ध करा दिए गए हैं। उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यम मोटा धान एवं 115 से 120 दिन अवधि वाली धान किस्मों के बीज 42 रुपये प्रति किलो की दर से ब्लॉक कार्यालयों में उपलब्ध हैं। किसान अपने-अपने क्षेत्र के ब्लॉक कार्यालय जाकर बीज खरीद सकते हैं।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में ब्लॉक कार्यालयों में जेआर-21, जेआर-81, जेआर-206, स्वर्ण सब-1 एवं जेआर-10 किस्मों के प्रमाणित बीज उपलब्ध हैं। यह सभी बीज प्रमाणित एवं रोग प्रतिरोधी हैं, जो विभिन्न बीमारियों के प्रति सहनशील माने जाते हैं। हालांकि बीज की मात्रा सीमित है, इसलिए किसानों से जल्द बीज खरीदकर सुरक्षित रखने की अपील की गई है।

उप संचालक कृषि श्री मालवीय ने बताया कि इस वर्ष जिले में सामान्य से 34 से 45 प्रतिशत तक कम वर्षा होने की संभावना जताई जा रही है। ऐसी स्थिति में किसानों को केवल धान पर निर्भर न रहते हुए मूंग, उड़द, अरहर, मक्का, कोदो, कुटकी, तिल एवं रामतिल जैसी कम पानी में होने वाली फसलों को प्राथमिकता देने की सलाह दी गई है।




